प्रसार भारती
भारतीय प्रसारण निगम
आकाशवाणी केन्द्र शिमला
29.03.2024/प्रादेशिक समाचार/रितेश/09:20 बजे

राज्यपाल

तीन निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे से जुड़े मामले पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल ने कहा है कि विधानसभा अध्यक्ष को ये त्यागपत्र स्वीकार कर लेने चाहिए थे। शिमला में पत्रकारों से अनोपचारिक बातचीत में उन्होंने कहा कि 22 मार्च को उन्हें त्याग पत्र देने से पहले तीनों निर्दलीय विधायकों ने विधानसभा सचिव को सदस्यता से त्याग पत्र देने संबंधी पत्र सौंपा था। उन्होंने कहा कि कर्नाटक विधानसभा और मध्य प्रदेश विधानसभा से जुड़े ऐसे ही मामले में सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का उल्लेख करते हुए विधानसभा अध्यक्ष को पत्र भेजा गया है। यह मामला अब विधानसभा अध्यक्ष के अधिकार क्षेत्र का है।

अनुराग ठाकुर

हमीरपुर संसदीय क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा है कि मोदी सरकार हमेशा युवाओं के सशक्तिकरण से राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित रही है। नई दिल्ली से जारी एक बयान में उन्होंने कहा कि आज का युवा भारत की वो पीढ़ी है जो प्रधानमंत्री के विकसित भारत के संकल्प को सिद्धि तक ले जाएगा। अनुराग ठाकुर ने कहा सांसद खेल महाकुम्भ, सांसद भारत दर्शन और एक से श्रेष्ठ कार्यक्रम ने संसदीय क्षेत्र के युवाओं के हौंसलों को नई उड़ान दी है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सांसद खेल महाकुम्भ का आयोजन क्षेत्र की प्रतिभाओं को निखारने के साथ ही उन्हें राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर एक मंच प्रदान कर रहा है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि सांसद भारत दर्शन योजना के तहत हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के मेधावी विद्यार्थियों को भारत भ्रमण करवाया जा रहा है ताकि वे देश में चल रही नई तकनीकों को जान कर अपना करियर बना सकें।

प्रतिभा सिंह

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष प्रतिभा सिंह ने कहा है कि आगामी चुनावों में प्रदेश में सरकार और संगठन आपसी तालमेल से कार्य करेंगे और पार्टी प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित की जाएगी। मण्डी संसदीय क्षेत्र से चुनाव लड़ने के लिए पार्टी हाईकमान के फैसले को उन्होंने सर्वोपरी बताया है। कल शिमला में पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि चुनाव लड़ने को लेकर वे अपना पक्ष हाईकमान के समक्ष रख चुकी हैं और जो भी निर्णय पार्टी हाईकमान द्वारा लिया जाएगा वो स्वीकार्य होगा। प्रतिभा

सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी लोकसभा चुनाव सहित विधानसभा उपचुनाव में मजबूत प्रत्याशी उतारेगी और जीत हासिल करेगी।

चुनाव तैयारियां

प्रदेश में लोकसभा चुनाव व विधानसभा उपचुनाव को लेकर राज्य निर्वाचन विभाग तैयारियों में जुट गया है। लाहौल–स्पीति ज़िले में 92 मतदान केन्द्र बनाए गए हैं जिनमें 2 संवेदनशील हैं। केलंग के पुलिस अधीक्षक मयंक चौधरी बताया कि ज़िले के लिए अतिरिक्त पुलिस बल की मांग पुलिस मुख्यालय को भेज दी गई है जिसमें 16 केन्द्रीय सुरक्षा ृबल व बटालियन शामिल हैं। उन्होंने बताया कि पुलिस थानों के माध्यम से फ्लैग मार्च कर लोगों को स्वतंत्र व निर्भीक होकर मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

स्वीप गतिविधियां

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लालपानी में कल स्वीप के तहत विभिन्न गतिविधयां आयोजित की गईं। अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी ज्योति राणा ने सभी से आगामी चुनाव में मतदान करने का आग्रह किया। ज्योति राणा ने स्कूल के छात्रों का आह्वान कियाकि वे अपने अभिभावकों को बढ़–चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इसी कड़ी में ठियोग विधानसभा क्षेत्र के तहत पूर्व में कम मतदान प्रतिशत वाले मतदान केन्द्र बड़गल, मझरोग और जंजैहली में लोगों को बढ़–चढ़ कर मतदान करने के लिए प्रेरित किया गया।

गुड फ्राईडे

आज गुड फ्राईडे है। इस मौके पर राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अन्य स्थानों पर गिरिजाघरों में विशेष प्रार्थना सभाएं आयोजित की जाएंगी। करीब 2 हजार वर्ष पहले आज ही के दिन प्रभु ईसा मसीह को सूली पर चढ़ाया गया था और ये दिन उनके बलिदान दिवस के रूप में मनाया जाता है। शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर स्थित क्राईस्ट चर्च में विशेष प्रार्थना सभा में बड़ी संख्या में लोगों विशेषकर ईसाई धर्म के अनुयायी भाग लेंगे।

एक नजर अखबारों की सुर्खियां पर....

आज सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल के हवाले से लिखता है–विधायकों के इस्तीफे मंजूर करना विधानसभा अध्यक्ष का अधिकार, कोर्ट के फैसले के मद्देनज़र कर लेने चाहिए स्वीकृत। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–निर्दलीय विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करवाने में राजभवन की भूमिका नहीं। दैनिक जागरण का शीर्षक है–विधानसभा अध्यक्ष को स्वीकारने चाहिए थे तीनों निर्दलीय विधायकों के त्यागपत्र। पंजाब केसरी के शब्द हैं–सुप्रीम कोर्ट के दो निर्णयों के अनुसार स्वीकारने चाहिए तीन निर्दलीय विधायकों के इस्ताफे।

दैनिक भास्कर लिखता है–हाईकोर्ट ने कहा–मंडी से मनाली के बीच पुराने नेशनल हाइवे की स्थिति व्यथित करने वाली–पिछले वर्ष जुलाई–अगस्त में भारी बारिश से हुए भूस्खलन का मलवा नहीं हटाया गया।

हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–तिरूपति गए सीएम सुखविंदर सिंह सुक्खू–दो दिन रहेंगे हैदराबाद, तेलंगाना के सीएम से करेंगे मुलाकात।

हिमाचल दस्तक लिखता है–प्रतिभा सिंह बोली–टिकटों को लेकर गेंद हाईकमान के पाले में। आपका फैसला का कहना है–प्रतिभा ने चुनाव लड़ने को लेकर हाईकमान के पाले में डाली गेंद।

मौसम पर आप का फैसला का कहना है–बारिश व अंधड़ का ऑरेंज अलर्ट जारी। हिमाचल दस्तक के मुताबिक–आज आंधी, ओलावृष्टि व बारिश। दैनिक जागरण की सुर्खी है– हिमस्खलन की चपेट में आने से जेसीबी चालक की मौत। दैनिक भास्कर की सुर्खी है–प्रदेश में पारा 35 डिग्री पहुंचा, यह इस सीजन का सबसे ज्यादा तापमान।

———————————